# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–29.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

## मुख्य समाचार

- **प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान जारी, श्रद्धालुओं के सैलाब के कारण भगदड़ जैसी स्थिति, प्रधानमंत्री ने ली हालात की जानकारी।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज करेंगे राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यहित में सरकार ले सकती है कई अहम फैसले।**
- **झारखंड हाईकोर्ट ने प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट पर लगायी रोक, राज्य सरकार से मांगा जवाब, अगली सुनवाई अप्रैल में।**
- **रांची सहित राज्य में मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी, न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट, मौसम विभाग ने कल से ठंड से राहत मिलने की जतायी संभावना।**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के देहरादून में भव्य समारोह में 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया उद्घाटन, खेलों को एक भारत– श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित करने वाला मंच बताया।**

**********************

## अब समाचार विस्तार से

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान चल रहा है। श्रद्धालुओं के सैलाब के कारण कल आधी रात के बाद भगदड़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये। हालांकि अब स्थिति काबू में बतायी जा रही है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की और स्थिति की जानकारी ली। इस बीच प्रशासन के अनुरोध पर सभी 13 अखाड़ों ने आज मौनी अमावस्या का अमृत स्नान रद्द कर दिया है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दावा किया है कि इस बार राज्य के बजट में सभी क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी जायेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट को संतुलित बनाने के लिए ही कई दौर की बजट पूर्व बैठक की गयी है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज शाम चार बजे रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक करेंगे। बैठक में मंइयां सम्मान योजना की उन लाभुकों को मार्च तक की छूट देने का निर्णय लिया जा सकता है, जिनके बैंक एकाउंट आधार से लिंक नहीं हैं। इसके अलावा राज्य हित में सरकार कई अन्य अहम फैसले ले सकती है।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा लागू की गयी प्राइवेट यूनिवर्सिटी एक्ट पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी है। सरला बिरला यूनिवर्सिटी और राधा गोविंद यूनिवर्सिटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए

अदालत ने इस एक्ट पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में निर्धारित की गयी है।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केन्द्रीय बजट में झारखंड को प्राथमिकता देने का आग्रह केन्द्र सरकार से किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री किशोर ने कहा कि रेलवे के विस्तार और हवाई अड्डे के निर्माण जैसी केन्द्रीय स्तर की योजनाओं में झारखंड को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने केन्द्र से बकाया एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये देने की मांग भी दोहरायी।

*******************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दूसरी पीढ़ी के नेविगेशन सेटैलाइट एनवीएस–02 का सफल प्रक्षेपण किया। इसे सुबह छह बजकर 23 मिनट पर जीएसएलवी–एफ–15 प्रक्षेपण यान से छोड़ा गया। सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से यह इसरो का सौंवा ऐतिहासिक प्रक्षेपण है।

*******************

साहिबगंज में सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न कार्यक्र मों का आयोजन हो रहा है।

रांची सहित राज्य में मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पिछले तीन दिनों में राज्य के न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक सुबह में कोहरा और धुंध छाये रहने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग ने यह भी कहा है कि कल से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी और लोगों को ठंड से राहत मिलेगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के देहरादून में एक भव्य समारोह में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल सिर्फ आयोजन ही नहीं है बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मंच है। श्री मोदी ने कहा कि स्पोर्ट्स देश के सर्वांगीण विकास का एक बड़ा जरिया है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग में गोनासिका ने शूटआउट में हैदराबाद तूफांस को तीन–एक से हरा दिय

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। बुमराह को क्रिकेट के सभी प्रारूप में असाधारण प्रदर्शन के लिए वर्ष 2024 के लिए आईसीसी का श्रेष्ठा पुरुष क्रिकेट खिलाड़ी चुना गया है। बुमराह यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज हैं। इससे पहले, राहुल द्रविड, सचिन तेन्दुलकर, रविचन्द्रन अश्विन और विराट कोहली को यह पुरस्कार मिल चुका है।

*******************

**चअब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

**रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता हुई बजट पूर्व संगोष्ठी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।**

**दैनिक भास्कर ने** मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– बजट ऐसा हो जिसमें समस्याओं का हल और विकास के रास्ते हों।

**प्रभात खबर लिखता है–** मंइयां योजना के लिए जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं, आंतिरिक स्त्रोत से लायेंगे राशि।

**दैनिक जागरण ने भी** हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है–झारखंड की योजनाओं को देशभर में मिल रही पहचान।

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं–** बोकारो स्टील प्लांट में 20 हजार करोड़ का होगा निवेश।

**<u>*******समाप्त************</u>**